विषय : हिन्दी
कक्षा : छठी
प्रश्नकोश

docs.aglasem.com

aglasem.com


हिंदी मध्यम
question bank
class 6
aglasem.com

सीखने के प्रतिफल
कक्षा–6

क्रम संख्या	कोड	सीखने के प्रतिफल
		बच्चे–
1	H601	विभिन्न प्रकार की ध्वनियों (जैसे – बारिश, हवा, रेल, बस, फेरीवाला आदि) को सुनने के अनुभव, किसी वस्तु के स्वाद आदि के अनुभव को अपने ढंग से मौखिक / सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत करते हैं।
2	H602	सुनी, देखी गई बातों, जैसे – स्थानीय सामाजिक घटनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर बेझिझक बात करते हैं और प्रश्न करते हैं।
3	H603	देखी, सुनी रचनाओं / घटनाओं / मुद्दों पर बातचीत को अपने ढंग से आगे बढ़ाते हैं, जैसे– किसी कहानी को आगे बढ़ाना।
4	H604	रेडियो, टी.वी., अखबार, इंटरनेट में देखी / सुनी गई खबरों को अपने शब्दों में कहते हैं।
5	H605	विभिन्न अवसरों / संदर्भों में कही जा रही दूसरों की बातों को अपने ढंग से बताते हैं, जैसे – आँखों से न देख पाने वाले साथी का यात्रा–अनुभव।
6	H606	अपने परिवेश में मौजूद लोककथाओं और लोकगीतों के बारे में जानते हुए चर्चा करते हैं।
7	H607	अपने से भिन्न भाषा, खान–पान, रहन–सहन संबंधी विविधताओं पर बातचीत करते हैं।
8	H608	सरसरी तौर पर किसी पाठ्यवस्तु को पढ़कर उसकी विषय–वस्तु का अनुमान लगाते हैं।
9	H609	किसी पाठ्यवस्तु की बारीकी से जाँच करते हुए उसमें किसी विशेष बिंदु को खोजते हैं, अनुमान लगाते हैं, निष्कर्ष निकालते हैं।
10	H610	हिन्दी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री (समाचार, पत्र–पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री, इंटरनेट पर प्रकाशित होने वाली सामग्री आदि) को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद–नापसंद, राय, टिप्पणी देते हैं।
11	H611	भाषा की बारीकियों / व्यवस्था / ढंग पर ध्यान देते हुए उसकी सराहना करते हैं, जैसे–कविता में लय–तुक, वर्ण–आवृत्ति (छंद) तथा कहानी, निबंध में मुहावरे, लोकोक्ति आदि।
12	H612	विभिन्न विधाओं में लिखी गई साहित्यिक सामग्री को उपयुक्त उतार–चढ़ाव और सही गति के साथ पढ़ते हैं।
13	H613	हिन्दी भाषा में विविध प्रकार की रचनाओं को पढ़ते हैं।
14	H614	नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हैं और उनके अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करते हैं।

docs.aglasem.com
aglasem.com

15	H615	विविध कलाओं, जैसे – हस्तकला, वास्तुकला, खेती–बाड़ी, नृत्यकला आदि से जुड़ी सामग्री में प्रयुक्त भाषा के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हुए उसकी सराहना करते हैं।
16	H616	दूसरों के द्वारा अभिव्यक्त अनुभवों को ज़रुरत के अनुसार लिखना, जैसे–सार्वजनिक स्थानों (चौराहों, नलों, बस अड्डे आदि) पर सुनी गई बातों को लिखना।
17	H617	हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री (समाचार, पत्र–पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री, इंटरनेट पर प्रकाशित होने वाली सामग्री आदि) को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद–नापसंद, टिप्पणी को लिखित या ब्रेल भाषा में व्यक्त करते हैं।
18	H618	विभिन्न विषयों, उद्देश्यों के लिए उपयुक्त विराम–चिह्नों का उपयोग करते हुए लिखते हैं।
19	H619	विभिन्न अवसरों संदर्भों में कही जा रही दूसरों की बातों को अपने ढंग से लिखते हैं।
20	H620	विभिन्न संदर्भों में विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते समय शब्दों, वाक्य संरचनाओं, मुहावरे आदि का उचित प्रयोग करते हैं।

docs.aglasem.com
aglasem.com

(भाग–क)

अपठित गद्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609, 617

छुट्टी का दिन था। नीलू अपने घर में खेल रही थी। वह कभी खिड़की से बाहर देखती, तो कभी कागज़ के पन्ने फाड़कर खिलौने बनाती। खेल–खेल में उसने बहुत से कागज़ फाड़ दिए। उन कागज़ के खिलौनों से खेलने में उसे बहुत मज़ा आ रहा था। तभी माँ कमरे में आईं और कमरे में बहुत से कागज़ के टुकड़े देखे। माँ ने नीलू को पास बुलाया और कहा, "आज मैं तुम्हें एक कहानी सुनाती हूँ। एक बार मैं अपने पिताजी के साथ दूसरे शहर घूमने जा रही थी। रास्ते में मैंने कटे हुए पेड़ों का ढेर देखा। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। पिताजी ने मेरे विचारों को भाँप लिया। तब उन्होंने समझाया कि इन कटे हुए पेड़ों का उपयोग कागज़ बनाने में किया जाता है। उस दिन मुझे समझ आया कि जिस कागज़ को मैं इतना मामूली समझकर बरबाद करती थी, वास्तव में वह बड़ी मात्रा में पेड़ों को नष्ट करके हमें मिलता है। हमें कागज़ की जितनी जरूरत हो उतना ही इस्तेमाल करना चाहिए।"

1) नीलू कागज़ के पन्ने फाड़कर क्या बना रही थी ?

2) नीलू कहाँ खेल रही थी ?

3) कागज़ कैसे बनता है ?

4) 'आश्चर्य' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें।

2. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609, 617

उर्मिला अजमेर के राजा धर्मगज देव की धर्म पत्नी थी। वह बड़ी चतुर और सुशील स्त्री थी। राज कार्य को भली प्रकार से समझती थी। धर्मगज देव के राज कार्यों में हाथ बँटाने के अतिरिक्त कभी–कभी उनके साथ शिकार को चली जाती थी। जिस समय महाराज धर्मगज देव अजमेर में राज करते थे, उसी समय महमूद गज़नवी ने हिंदुस्तान पर चढ़ाई की थी। पहले उसने गुजरात के सोमनाथ मंदिर को लूटा फिर मुलतान जीता। राजपूत पृथक–पृथक अपने राज्य की रक्षा के लिए लड़ते रहे। केवल इसी कारण सदा उनकी हार हुई।

1) राजपूत राजाओं की हार कैसे हुई ?

2) महमूद गज़नवी ने हिंदुस्तान में क्या किया ?

3) 'चढ़ाई करना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

4) उस समय अजमेर में शासन था–

क) महमूद गज़नवी ख) रानी उर्मिला ग) धर्मगज देव घ) अफ़गानियों का

(5) राजा धर्मराज सबसे अधिक उर्मिला को क्यों चाहते थे ?

3. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609,617

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषण' तथा 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था–'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

docs.aglasem.com
aglasem.com

1) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है ?
   क) अल्प विकसित देश ख) विकसित देश ग) निर्मित देश घ) विकासशील देश
2) डॉ. कलाम को क्या–क्या बेहद पसंद था ?
3) डॉ. कलाम को किन–किन सम्मानों से सम्मानित किया गया ?
4) भारत का सर्वोच्च सम्मान कौन–सा है ?
   (क) पद्मभूषण (ख) पद्मविभूषण (ग) भारत रत्न (घ) अर्जुन पुरस्कार
5) 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब' से आप क्या समझते हैं ?

4. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609,617**

हरिद्वार हिन्दू तीर्थों में प्रसिद्ध तीर्थ है। इसका अत्यधिक पौराणिक महत्त्व है। इस नगरी के कई नाम हैं– हरिद्वार, हरद्वार, गंगाद्वार, कुशावर्त, मायापूरी, कनखल, ज्वालापुर आदि। सात पुरियों में से मायापुरी हरिद्वार के विस्तार में आ जाती है। यहाँ प्रति बारहवें वर्ष जब सूर्य और चन्द्र मेष में और वृहस्पति कुम्भ राशी में स्थित होते हैं तब यहाँ भारत का सर्वश्रेष्ठ धार्मिक मेला (कुम्भ) लगता है। उसके छठे वर्ष अर्ध कुम्भ होता है। पदम् पुराण और महाभारत में हरिद्वार को स्वर्ग सोपान के समान बताया है। कोटि तीर्थों के स्नान का फल हरिद्वार में एक बार गंगा स्नान से प्राप्ति का वर्णन मिलता है। नारद पुराण में यहाँ रहकर व्रत, उपवास और यज्ञ आदि करने का अत्यधिक महत्त्व बताया है। यहाँ आस–पास का सम्पूर्ण क्षेत्र दर्शनीय व पौराणिक महत्त्व का है।

1) हरिद्वार को किन–किन नामों से जाना जाता है ?
2) कुम्भ का मेला कितने वर्षों के बाद आता है ?
3) व्रत, उपवास और यज्ञ करने का महत्त्व किस पुराण में बताया गया है ?
   क) मत्स्य पुराण ख) शिव पुराण ग) नारद पुराण घ) विष्णु पुराण
4) अर्ध कुम्भ का मेला कितने वर्षों के बाद आता है–
   क) 4 वर्ष बाद ख) 6 वर्ष बाद ग) 12 वर्ष बाद घ) 7 वर्ष बाद
5) 'हरिद्वार' के महत्त्व का वर्णन करें।

5. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609,617**

कर्मवीर और धर्मवीर दो नामी पहलवान थे। धर्मवीर ने अनेक दंगलों में बलशाली पहलवानों को हराकर अनेक पुरस्कार जीते थे। वह अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए घंटों व्यायाम करता और पौष्टिक भोजन करता। उसका भोजन सामान्य व्यक्ति द्वारा खाए जाने वाले भोजन से बहुत अधिक होता था। उसका नाम सुनकर अच्छे–अच्छे बलशाली पहलवानों के होश उड़ जाते थे। परन्तु कर्मवीर उसके नाम से बिलकुल नहीं डरता था। कर्मवीर को कभी किसी ने कुश्ती लड़ते नहीं देखा था। इसके बाबजूद उसकी प्रशंसा का डंका चारों ओर बजता था। धर्मवीर के दिल में कर्मवीर सिंह को पटकने का बड़ा अरमान था। एक दिन धर्मवीर कुश्ती में हराने के मकसद से कर्मवीर के घर जा पहुँचा। दरवाज़े पर खड़े होकर ज़ोर से वह कर्मवीर को ललकारने लगा। कर्मवीर के बेटे ने कहा, "पिताजी घर पर नहीं है।" धर्मवीर गुस्से में आँगन से पेड़ उखाड़ने लगा तभी कर्मवीर आया और चिल्लाया, "अरे! मेरी दातुन क्यों उखाड़ रहे हो ?" धर्मवीर यह सुनकर दंग रह गया और डरकर भाग गया।

1) धर्मवीर कर्मवीर के घर क्यों गया ?
2) धर्मवीर अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए क्या करता था ?
3) धर्मवीर ने कर्मवीर को क्यों ललकारा ?
4) कर्मवीर.....पहलवान था। (बुद्धिमान–डरपोक)
5) 'दंग रहना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

docs.aglasem.com
aglasem.com

6. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें । H609, 617

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो–तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव–जन्तु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे–धीरे उसका विकास हुआ। अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और अपने हिसाब–किताब को लिखकर रखने लगा। तब से मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा। आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तब से 'इतिहास' आरंभ हुआ। किसी भी कौम या देश का इतिहास तब से शुरू होता है जब से आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार, इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हज़ार साल हुए हैं।

1) धरती की प्रारंभिक दशा कैसी थी ?
2) मानव का धरती पर आगमन कब हुआ ?
   (क) पाँच अरब साल पहले (ख) पाँच लाख साल पहले
   (ग) दो–तीन साल पहले (घ) छह हज़ार साल पहले
3) अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी खोज है, कैसे ?
4) इतिहास का आरम्भ कब से माना गया है ?
5) 'सभ्य' का विलोम शब्द लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

7. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609, 617

एक बार देवताओं में विवाद हुआ कि देवताओं में सबसे पहले किसकी पूजा की जाए। तय हुआ कि जो पहले पृथ्वी की परिक्रमा करके लौट आएगा वही सर्वपूज्य होगा। सब देवता अपने–अपने वाहनों पर बैठकर परिक्रमा के लिए रवाना हो गए। गणेश जी का वाहन था छोटा चूहा। बेचारा कितना दौड़ता और फिर गणेश जी का शरीर भारी भरकम था। उन्होंने माता–पिता को एक स्थान पर बैठाकर उनकी परिक्रमा कर ली। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि माता–पिता पृथ्वी ही नहीं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के प्रतीक हैं। ब्रह्मा जी ने व्यवस्था दे दी कि गणेश जी सर्वप्रथम रहें। यह उनकी बुद्धि का ही चमत्कार है। इसी कारण वे देवताओं में प्रथम पूज्य हुए। कोई भी शुभ कार्य किया जाए तो उसमें गणेश जी के पूजन से सफलता मिलती है। कहते हैं कि स्वयं भगवान शंकर ने त्रिपुरा राक्षस का वध करने से पहले गणेश पूजन किया था। इसी प्रकार वृत्रासुर का वध करने के लिए इन्द्र ने भी गणेश जी का पूजन किया था।

1) सर्वप्रथम पूज्य कौन से देवता माने जाते हैं ?
2) गणेश जी का कौन सा वाहन हैं ?
   क) मोर ख) गरुड़ ग) चूहा घ) शेर
3) वृत्रासुर का वध किसने किया ?
4) पृथ्वी की परिक्रमा किए बिना गणेश जी को सर्वपूज्य क्यों कहा गया ?
5) गणेश जी ने माता–पिता की परिक्रमा कर क्या सिद्ध किया ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

पठित गद्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609,617

चार बजे यकायक श्यामा की नींद खुली। किवाड़ खुले हुए थे। वह दौड़ी हुई कार्निस के पास आई और ऊपर की तरफ़ ताकने लगी। टोकरी का पता न था। संयोग से उसकी नज़र नीचे गई और वह उलटे पाँव दौड़ती हुई कमरे में जाकर ज़ोर से बोली–भइया, अंडे तो नीचे पड़े हैं, बच्चे उड़ गए। केशव घबराकर उठा और दौड़ा हुआ बाहर आया तो क्या देखता है कि तीनों अंडे नीचे टूटे पड़े हैं और उनसे कोई चूज़े की–सी चीज़ बाहर निकल आई है। पानी की प्याली एक तरफ़ टूटी पड़ी है। उसके चेहरे का रंग उड़ गया। सहमी हुई आँखों से ज़मीन की तरफ़ देखने लगा।

1) श्यामा कितने बजे उठी ?
   क) दो बजे ख) पाँच बजे ग) चार बजे घ) तीन बजे
2) कमरे में जाकर श्यामा क्या देखती है ?
3) 'चेहरे का रंग उड़ना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं।
4) केशव के चेहरे का रंग क्यों उड़ गया ?
5) निम्न में से कौन सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची नहीं है ?
   क) नेत्र ख) चक्षु ग) कर घ) नयन

2. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछ गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609,617

आजकल सब–के–सब नागराजन को घेरे रहते । 'नागराजन घमंडी हो गया है', राजप्पा सारे लडकों में कहता फिरता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते ! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते। आधी छुट्टी के वक्त भी उसके आसपास लड़कों का जमघट लगा रहता। कई लोग टोलियों में उसके घर तक हो आए। नागराजन शांतिपूर्वक सभी को अपना अलबम दिखाता, पर किसी को हाथ नहीं लगाने देता। अलबम को गोद में रख लेता और एक–एक पन्ना पलटता, लड़के बस देखकर खुश होते।

1) यह गद्यांश कौन से पाठ से लिया गया और इसके लेखक कौन हैं ?
2) नागराजन के मामा कहाँ रहते थे ?
   क) अमेरिका ख) इंग्लैंड ग) सिंगापुर घ) भारत
3) लड़के नागराजन को क्यों घेर लेते थे ?
4) नागराजन लड़कों को अलबम कैसे दिखाता था ?
5) 'जमघट' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

3. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609,617

क्या यह संभव है कि भला कोई जंगल में घंटाभर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे ? मुझे– जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता–सैंकड़ों रोचक चीज़ें मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज–पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नयी कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूँजने लगते हैं। अपनी अँगुलियों के बीच झरने के पानी को बहते हुए महसूस कर मैं आनन्दित हो उठती हूँ। मुझे चीड़ की फैली पत्तियाँ या घास का मैदान किसी भी महँगे कालीन से अधिक प्रिय है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

1) लेखिका प्रकृति की सुन्दरता को कैसे महसूस करती है ?
2) 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?
3) गद्यांश में किस चीज़ से बने महँगे कालीन की बात की गई है ?
4) टहनियों पर नई कलियाँ किस मौसम में आती हैं ?
5) 'भोज–पत्र' शब्द के मध्य में कौन सा चिह्न है ?
   क) विराम चिह्न ख) अल्प विराम चिह्न ग) योजक चिह्न घ) निर्देशक चिह्न

4. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609, 617

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है। इनका संबंध देहात की जनता से है। बड़ी जान होती है इनमें। चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्ज़ापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी ज़िलों में गाए जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं। पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं। हीर–राँझा, सोहनी–महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला–मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं।

1) लोक गीत किसे कहते हैं ?
2) ढोला–मारू गीत किस राज्य का प्रसिद्ध लोकगीत है ?
   क) पंजाब ख) बिहार ग) राजस्थान घ) बनारस
3) पंजाब के दो प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित लोक गीतों के नाम लिखें।
4) आपके राज्य के किन्हीं दो प्रसिद्ध लोकगीतों के नाम लिखें।
5) लोकगीतों की क्या विशेषताएं होती हैं ?

5. नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। H609, 617

आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे जिन्हें आमतौर पर नौकर–चाकर करते हैं। जिस ज़माने में वे बैरिस्टरी से हज़ारों रुपये कमाते थे, उस समय भी वे प्रतिदिन सुबह अपने हाथ से चक्की पर आटा पीसा करते थे। चक्की चलाने में कस्तूरबा और उनके लड़के भी हाथ बँटाते थे। इस प्रकार घर में रोटी बनाने के लिए महीन या मोटा आटा वे खुद पीस लेते थे। साबरमती आश्रम में भी गांधी ने पिसाई का काम जारी रखा। वह चक्की को ठीक करने में कभी–कभी घंटों मेहनत करते थे। एक बार एक कार्यकर्ता ने कहा कि आश्रम में आटा कम पड़ गया है। आटा पिसवाने में हाथ बँटाने के लिए गांधी फ़ौरन उठकर खड़े हो गए।

1) आश्रम में प्रतिदिन गांधी जी क्या काम करते थे ?
2) चक्की चलाने में गांधी जी की सहायता कौन करते थे ?
3) गांधी जी का पूरा नाम क्या था ?
4) 'प्रतिदिन' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें।
5) गांधी जी मुख्यतः क्या काम करते थे ? सही विकल्प चुनें।
   क) आटा पीसने का काम ख) बैरिस्टर का काम
   ग) नौकर–चाकर का काम घ) चक्की को ठीक करने का काम

docs.aglasem.com
aglasem.com

पठित काव्यांश — सीखने के प्रतिफल

1. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609**

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों–जड़ा;
सिर्फ़ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा –चिट्टा
गोल–मटोल,
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।

1) यह कविता किसने और किसकी तारीफ़ में लिखी है ?
2) 'गोल है खूब मगर आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ?
3) 'सिम्त' शब्द का अर्थ निम्न में से कौन सा है ?
   क) चाँद ख) आकाश ग) दिशा घ) किनारा
4) चाँद ने कैसी पोशाक पहनी है ?

2. नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609**

सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नयी जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी,
दूर फ़िरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी,
चमक उठी सन् सत्तावन में
वह तलवार पुरानी थी।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसीवाली रानी थी।

1) राजाओं के सिंहासन क्यों हिल उठे थे ?
2) लोग किसका मूल्य समझने लगे थे ?
3) यह कविता किसने लिखी है ?
4) 'बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ?
5) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कब हुआ था ?
   क) 1957 ख) 1857 ग) 1447 घ) 1950
6) 'बुंदेले' किसे कहा गया है ?
7) झाँसी की रानी को 'मर्दानी' क्यों कहा गया है ?

3. नीचे दिए गए गीत को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609**

साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना ।

docs.aglasem.com
aglasem.com

साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी है बाँहें
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें
साथी हाथ बढ़ाना।

1) इस गीत का शीर्षक लिखें ।
2) इन पंक्तियों में कवि क्या संदेश देना चाहता है ?
3) कवि सबको साथ मिलकर काम करने के लिए क्यों कहता है ?
4) कठिन से कठिन काम को कैसे आसान किया जा सकता है ?
5) हम मुश्किलों पर कैसे विजय प्राप्त कर सकते हैं ?

4. नीचे दिए गए पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609**

उदित हुआ सौभाग्य, मुदित महलों में उजयाली छाई,
किंतु कालगति चुपके–चुपके काली घटा घेर लाई,
तीर चलानेवाले कर में उसे चूड़ियाँ कब भाईं,
रानी विधवा हुई हाय! विधि को भी नहीं दया आई।

1) रानी लक्ष्मीबाई किस कलाबाज़ी के लिए जानी जाती है ?
2) कविता में किस रानी के विधवा होने की बात कही गई है ?
3) कविता के अनुसार 'काल' शब्द से क्या तात्पर्य है–
   क) कल ख) समय ग) मृत्यु घ) समय और मृत्यु दोनों
4) 'कर' शब्द का पर्यायवाची शब्द है–
   क) हवा ख) पैर ग) हाथ घ) कार्य

5. नीचे दिए गए पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **H609**

पुर तें निकसी रघुवीर–वधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
फिरि बूझती हैं, "चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित ह्वै ?"।
तिय की लखि आतुरता पिय की अखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

1) सीता किसके साथ वन को जाती है ?
2) 'धरि' और 'धीर' शब्दों के अर्थ स्पष्ट करें।
3) 'चलनो अब केतिक' का भाव स्पष्ट करें।
4) 'पर्नकुटी' शब्द का समानार्थी शब्द लिखें।
5) प्रस्तुत सवैया के कवि का क्या नाम है ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

(भाग–ख)
लेखन

प्रार्थना पत्र– **सीखने के प्रतिफल**

1) छठी कक्षा में प्रवेश लेने हेतु प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को प्रार्थना–पत्र लिखें।
2) अपने प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को अपने भाई/बहन की शादी के लिए चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखें।
3) अपने प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को स्कूल त्याग प्रमाण–पत्र लेने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें।
4) नगर पालिका को मुहल्ले की सफ़ाई के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें।
5) आवश्यक कार्य हेतु एक दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को प्रार्थना–पत्र लिखें।
6) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को विद्यालय में सफ़ाई करवाने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखें।
7) मान लीजिए आप विद्यालय में अकस्मात् बीमार हो जाते हैं। इस कारण अवकाश लेने हेतु अपने प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को प्रार्थना–पत्र लिखें।
8) अपने प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को विद्यालय में साप्ताहिक बाल सभा को शुरू करने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखें।

पत्र–

1) पिताजी को अपने परीक्षा परिणाम बताते हुए पत्र लिखें।
2) अपने मित्र/सहेली द्वारा जन्मदिन पर दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए पत्र लिखें।
3) अपने मित्र/सहेली को वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।
4) अपने पिताजी से पैसे मंगवाने के लिए पत्र लिखें।
5) अपने मित्र/सहेली को जन्मदिन की बधाई देने के लिए पत्र लिखें।
6) अपने मित्र/सहेली को जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखें।
7) अपने छोटे भाई को कुसंगति से दूर रहने के लिए पत्र लिखें।

निबन्ध– **H618, 620**

1) होली 2) मेरा घर 3) मेरा गाँव 4) मेरी पाठशाला
5) मेरा दोस्त 6) मेरा विद्यालय 7) दीवाली 8) मेरी माता
9) प्रिय मित्र 10) प्रिय अध्यापक 11) व्यायाम के लाभ 12) विद्यालय स्वच्छता
13) माता–पिता के प्रति कर्त्तव्य 14) प्रातः काल की सैर
15) किसी प्रिय नेता पर 100 शब्द में लिखें। 16) सदाचार (10 पंक्तियों में लिखें)
17) विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्त्व
18) आपने अपनी पाठशाला में स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया ? (10 पंक्तियों में लिखें)
19) निम्न कहानी को 8–10 पंक्तियों में पूरा करें।
कुछ दिनों पहले की बात है। स्कूल में एक जादूगर आया था। उसके हाथ में छड़ी और सर पर लाल टोपी थी। .....
20) अपने कक्षा के कमरे पर दस पंक्तियाँ लिखें।
21) दशहरा
22) रक्षाबन्धन

docs.aglasem.com
aglasem.com

(भाग–ग)
व्याकरण

सीखने के प्रतिफल

1. निम्न में से संयुक्त व्यंजन छाँटें–
   क) क ख) प ग) ज घ) ज्ञ
2. 'अमृत' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
   क) अमी ख) पीयूष ग) पावक घ) सुधा
3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'रात' का पर्यायवाची नहीं है।
   क) निशा ख) विभावरी ग) यामिनी घ) तिमिर
4. निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखें–
   1) खुशी
   2) पेड़
   3) मित्र
   4) वन
5. व्यजंन को बोलने में किसकी सहायता लेनी पड़ती है–
   क) स्वरों की ख) व्यंजन की ग) वर्णों की घ) किसी की नहीं
6. संयुक्ताक्षर 'क्ष' किसके मेल से बना है–
   क) क् +श ख) क् + ष ग) क् + स घ) क् + क्ष
7. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ :–
   1. म् + ओ + र् + अ =
   2. प् + ऊ + ज्+ आ =
   3. अ + त् + इ + थ् + इ =
   4. प् + अ + त् + त् + आ =
   5. क् + अ + र् + म् + अ =
8. वर्ण–विच्छेद करें।
   क) आनंद ख) दैनिक ग) झंडा घ) भारत
   ड़) कार्यालय च) जहाज़
9. सही स्थान पर अनुस्वार (ं) या अनुनासिक (ँ) चिह्न लगाइए –
   क) गाव ——— घ) अतरिक्ष———
   ख) अतिम ——— ड़) सतरा ———
   ग) चादनी ——— च) धुआ ———
   छ) सबध ——— ज) अधेरा ———
   झ) आनद ———
10. वर्णों के सार्थक समूह को क्या कहते हैं–
    क) शब्द ख) पद ग) वाक्य घ) स्वर
11. जिन संस्कृत शब्दों का हिन्दी में ज्यों का त्यों प्रयोग होता है, उन्हें क्या कहते हैं ?
    क) देशज ख) तत्सम् ग) तद्भव घ) आगत

docs.aglasem.com
aglasem.com

12. नीचे दिए गए शब्दों में से तत्सम् और तद्भव शब्द छाँटकर लिखें।

हस्त, दूध, आग, कर्ण, सूर्य, सप्त, कोकिल, आगे, चन्द्र, शिक्षा, पुत्र, हाथी, आँख, नींद

तत्सम्	तद्भव
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____

13. दिए गए वर्णों को सही क्रम में लिखकर इनसे सार्थक शब्द बनाएं।

क) ल हि य मा _____

ख) प वा रि र _____

ग) कि सा ल इ _____

घ) ठ शा पा ला _____

ड.) ज ह ई वा हा ज़ _____

च) क सा जि मा _____

14. नीचे दिए उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाइए।

उपसर्ग	**शब्द**	**उपसर्ग**	**शब्द**
सु	_____	अनु	_____
वि	_____	अव	_____
अन	_____	उप	_____
अप	_____	प्रति	_____
अ	_____		

15. नीचे दिए शब्दों में आई, ईला, दान, आस, ई, जैसे प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए।

शब्द	**प्रत्यय**	**नया शब्द**
पढ़	आई	पढ़ाई
रंग		
दम		
कठिन		
गर्म		
बंगाल		
कूड़ा		
हठ		
ऊँचा		

16. नीचे दिए शब्दों में मूलशब्द तथा उपसर्ग अलग कीजिए।

शब्द	**उपसर्ग**	**मूलशब्द**
अज्ञान	अ	ज्ञान
अधर्म	–	–
अपमान	–	–

docs.aglasem.com

aglasem.com

विजय	–	–
दुर्गम	–	–
उपवन	–	–
अनुवाद	–	–
अनुक्रम	–	–
उपयोग	–	–
उपवन	–	–
पत्रिका	–	–
वियोग	–	–

17. नीचे दिए शब्दों में से उस शब्द पर गोला लगाएं, जिसमें दिए गए उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है।

स	सफल	साथ	सबल	सजल
कु	सुबुद्धि	कुपुत्र	कुविचार	कुमार्ग
अ	अमर	अधीर	अजर	आजन्म
निर्	नित	निर्धन	निर्जन	निर्बल
आ	आगमन	अभाव	आरम्भ	आचरण
सु	सुयोग	संयोग	सुपात्र	सुअवसर

18. निम्नलिखित शब्दों के वर्ग पहेली से छाँटकर विलोम शब्द लिखें।

छोटा, अमीर, आदान, कठिन, झूठ, दूर

प्र	आ	सा	न
दा	ब	ड़ा	ब
न	च	री	अ
स	ग	पा	स

19. निम्नलिखित शब्दों के वर्ग पहेली से छाँटकर दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखें।

म	रा	र	स	रि	ता
ध	शा	ज	व	सु	धा
नि	क	नी	त	टि	नी

रात ———————————— ————————————

नदी ———————————— ————————————

भूमि ———————————— ————————————

docs.aglasem.com

aglasem.com

20. निम्न वाक्यों में क्रिया शब्द छाँटें।

क) बच्चों ने कक्षा में चार्ट लगाए।

ख) रमा गुड़िया से खेल रही है।

ग) बच्चे पार्क में झूला झूल रहे हैं।

21. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा करें।

क) मुख्य अतिथि समारोह में **आरम्भ** से ———————— तक बैठे रहे।

ख) **सुगम** स्थानों पर तो सभी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन————स्थानों पर कोई नहीं जाना चाहता।

ग) **नए** विचारों के साथ–साथ ———————————— विचारों को भी अपनाना चाहिए।

घ) आज के समय में **आय** कम लेकिन ———————————— उससे भी ज्यादा होता है।

ड.) आधुनिक युग में लोगों को **प्रशंसा** की अपेक्षा दूसरों की ——— में आनंद मिलता है।

22. नीचे कुछ संज्ञा शब्द दिए गए हैं। इन्हें सही जगह पर लिखें।

अच्छाई, कागज़, लक्ष्मीबाई, झूला, आलू, वृक्ष, कठिनाई, लड़कपन, चेतक, महाराणा प्रताप, शिमला, नेपाल, लड़की, बुढ़ापा, घबराहट

व्यक्तिवाचक संज्ञा	**जातिवाचक संज्ञा**	**भाववाचक संज्ञा**
————————	————————	————————
————————	————————	————————
————————	————————	————————
————————	————————	————————
————————	————————	————————

23. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को दोबारा लिखें।

क) मालिक ने नौकरानी को काम दिया ।

ख) शेर को देखकर लोग डर गए।

ग) शिक्षक बच्चों को कहानी सुना रहा है।

घ) सेवक को बुलावा भेजा गया।

24. उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करें।

क) हिमाचल के सेब प्रसिद्ध हैं

ख) मैंने शिमला सोलन, चंडीगढ़ और मसूरी जैसे स्थान देखे हैं

ग) क्या तुमने अपना काम खत्म कर लिया है

घ) माँ आज खाने में क्या बनाया है

ड) अरे ये क्या हो गया

च) सीमा के माता–पिता शिमला में रहते हैं

25. सही मिलान करें–

प्रश्नवाचक चिह्न	–
पूर्ण विराम	!
विस्मयादिबोधक चिह्न	।
अल्प विराम	?
योजक	( )
कोष्ठक	,

docs.aglasem.com

aglasem.com

26. महात्मा तथा विद्यालय शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए।

27. 'चन्द्र + उदय' शब्द की संधि कीजिए।

28. सत् + आचार शब्द की संधि कीजिए।

क) सदाचार ख) सताचार ग) सतआचार घ) साचार

29. 'सज्जन' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

30. 'संग्रहालय' और 'सर्वोत्तम' शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए।

31. शुद्ध करके लिखें –

1) समून्द्र 2) अध्यपक 3) शिषय 4) आज्ञाकारि
5) द्वरा 6) मूख्य 7) चिन्ह 8) शीमला

32. निम्न में से तत्सम् शब्द छाँटें–

क) आग ख) इत ग) उर्दू घ) हस्त

33. 'प्रतिदिन' शब्द में कौन सा समास है–

क) तत्पुरुष ख) अव्ययीभाव ग) बहुब्रीहि घ) द्वन्द्व

34. 'हरा–भरा' शब्द में कौन सा समास है ?

क) बहुब्रीहि ख) द्वन्द्व ग) कर्मधारय घ) तत्पुरुष

35. 'त्रिलोक' शब्द में समास है।

क) तत्पुरुष ख) द्विगु ग) द्वन्द्व घ) कर्मधारय

36. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द छाँटिए–

क) सुनार ख) बन्दर ग) वधू घ) माली

37. कवि का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

38. 'सुनार' शब्द का स्त्रीलिंग लिखिए।

39. लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें।

1) लड़का दौड़ता है।

2) धोबी कपड़े धोने नदी में जाता है।

3) साधु गाँव में भिक्षा मांगता है।

4) मोर दाना खाता है।

लिंग बदलें –

5) लेखिका 6) नौकर 7) भाई 8) चाचा 9) माँ
10) चिड़ा 11) बूढ़ा 12) शिष्य 13) प्रेमी 14) सम्राट
15) माली 16) कवि 17) संपादक 18) नानी 19) मौसी
20) महोदय

40. 'बुढ़ापा' शब्द कौन सी संज्ञा है ?

क) भाववाचक ख) जातिवाचक ग) व्यक्तिवाचक घ) उपरोक्त सभी

41. 'पिसाई' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

42. भाववाचक संज्ञा लिखें–

1) राम को खेल में ———————————————— पसंद नहीं है। (हार)

2) हमें अपनी गलतियों से ———————————————— चाहिए। (सीख)

3) हमें कभी अपनी कही हुई बात से ———————————————— नहीं चाहिए। (पलट)

4) रामू के चाचा उसकी सारी ज़मीन ————————————————चाहते थे। (हड़प)

5) कपड़े को कैंची से ———————————— आसान होता है। (काट)

43. निम्न शब्दों में प्रथम पुरूष कौन सा है ?

क) मैं ख) हम ग) हमारा घ) उसने

44. प्रेरणार्थक क्रिया छाँटें –

क) उठना ख) मारना ग) लिखवाना घ) काटना

45. भाषा की सबसे छोटी इकाई है–

क) शब्द ख) वाक्य ग) वर्ण घ) स्वर

46. 'लड़का' शब्द में प्रत्यय जोड़ने पर भाववाचक संज्ञा बनेगी –

क) लड़कापन ख) लड़ाई ग) लड़कपन घ) लड़की

47. भाववाचक संज्ञा छाँटिए –

क) सुन्दरता ख) चिपचिपा ग) खुरदरा घ) सख्त

48. 'साक्षर' शब्द का विलोम शब्द है–

क) अक्षर ख) प्रत्यक्ष ग) निरक्षर घ) इनमें से कोई नहीं

49. 'सौभाग्य' शब्द का विलोम शब्द छाँटें–

क) अभाग्य ख) दुर्भाग्य ग) निर्भाग्य घ) अपभाग्य

50. नीचे दिए गए शब्दों का अन्तर–स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाएं।

क) ग्रह–गृह ख) निधन–निर्धन

51. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

1) सभ्य 2) निर्भय 3) छाया 4) सुखद

52. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें–

1) काम से जी चुराने वाला ————————————————

2) जो इस लोक में न हो ————————————————

3) जिसमें संदेह न हो ————————————————

4) जो कम बोलता हो ————————————————

5) जिसको जीता न जा सके ————————————————

53. दिए गए अशुद्ध शब्दों के शुद्ध करके लिखें –

1) समाजिक ————————————————

2) मुनी ————————————————

docs.aglasem.com

aglasem.com

3) अधीन ————————————————————

4) विदालय ————————————————————

54. भाषा से क्या अभिप्राय है ?

55. मानक हिंदी से क्या तात्पर्य है ?

56. स्वर किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ?

57. व्यंजन किसे कहते हैं ? इसके प्रकार लिखें।

58. च, प, ख, द, न, के उच्चारण स्थान लिखें।

59. दीर्घ स्वर कौन–कौन से होते हैं ?

60. क्ष, त्र, ज्ञ, श्र किस प्रकार के व्यंजन हैं ?

61. 'मोहन बीमार है' में निहित काल बताइए।

62. 'मैं आज वहाँ जाऊँगा' वाक्य में अव्यय शब्द चुनिए।

63. 'नया घोड़ा' में विशेषण शब्द छाँटिए।

64. लिपि किसे कहते हैं ? हिन्दी लिपि का नाम बताएं।

65. शब्द की परिभाषा लिखिए।

66. कारक किसे कहते हैं ?

67. क्रिया किसे कहते हैं ?

68. संज्ञा की परिभाषा लिखें।

69. सर्वनाम की परिभाषा और इसके भेद लिखें ।

70. योजक शब्द किसे कहते हैं ?

71. वचन बदलकर पुनः वाक्य लिखें।

1) ग्राहक सामान खरीद रहा है।

2) बच्चा रो रहा है।

3) बकरी मैदान में घास खा रही है ।

4) चिड़िया उड़ रही है ।

72. विलोम शब्द लिखें–

1) उदय	2) राजा	3) अच्छा	4) बचपन
5) रोना	6) गर्मी	7) धूप	8) दूर
9) लाभ	10) अन्दर	11) सुबह	12) खुला

73. वचन बदलें–

1) सुरंग	2) आँख	3) टोपी	4) दुपट्टा
5) घोड़ा	6) पंक्ति	7) बच्चा	8) टोकरी
9) चिड़िया	10) माला	11) सिपाही	12) चाबी

docs.aglasem.com

aglasem.com

74. वचन बदलकर पुनः वाक्य लिखें।

1. सिपाही ने चोर को पकड़ लिया।

2. बच्चा खेलने में चतुर है।

75. वाक्यांशों का वाक्यों में प्रयोग करें –

1) साथ–साथ 2) तरह–तरह 3) धीरे–धीरे 4) उत्तरी–पूर्वी

76. मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें।

1) खाक छानना 2) कान काटना 3) अंगूठा दिखाना 4) जी चुराना

5) दाँत खट्टे करना 6) आँखें दिखाना 7) सफ़ेद झूठ बोलना

8) लोहे के चने चबाना 9) आँखों का तारा 10) पेट में चूहे कूदना

11) आग बबूला होना 12) हवा से बातें करना 13) आकाश–पाताल एक करना

14) नौ दो ग्यारह होना

77. दिए गए वाक्यों में सही स्थान पर विराम चिह्न का प्रयोग करें –

1) कप्तान ने कहा मुझे भय है कि भयंकर तूफान से जहाज़ के ही टुकड़े टुकड़े हो जाएंगे।

2) शिमला सोलन और किन्नौर हिमाचल के ज़िले हैं

3) रीता अपने माता पिता के साथ घूमने जा रही है

78. विशेषण शब्द छाँटें–

1) मेरी किताब बहुत सुन्दर है।

2) वह बहुत तेज़ दौड़ता है।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(भाग–घ)
साहित्य

अध्याय–1
वह चिड़िया जो

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) चिड़िया दानों को किससे चुगती है ?

क) चोंच से ख) पैर से ग) मुँह से घ) पंख से

2) चिड़िया को किससे प्यार होता है –

क) फल से ख) जलेबी से ग) अन्न से घ) पत्थर से

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) चिड़िया के पंख उनके किस–किस काम आते हैं ? **H608, H609**

2) चिड़िया के अतिरिक्त आपने और कौन–कौन से पक्षी देखे हैं उनके नाम लिखें।

3) तुम्हें कविता का कोई और शीर्षक देना हो तो क्या शीर्षक देना चाहोगे ? उपयुक्त शीर्षक सोचकर लिखें। **H608, H609**

4) कविता के आधार पर बताएं कि चिड़िया को किन–किन चीज़ों से प्यार है ? **H609**

5) घौंसला बनाने के लिए चिड़िया को किन–किन चीज़ों की आवश्यकता होती है ? **H609**

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

6) वह छोटी ———————— चिड़िया ———————— पंखों वाली मैं हूँ।

7) नदी का दिल टटोलकर नदी का ———————— ले जाती है।

अध्याय–2
बचपन

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) 'बचपन' कहानी के अनुसार उन दिनों घरों में क्या नहीं थे ?

क) रेडियो/टेलीविज़न ख) बैलगाड़ी ग) रिक्शा घ) ग्रामोफ़ोन

2) लेखिका ने बचपन में कहाँ मज़े किए ?

क) शिमला ख) कुल्लू ग) मनाली घ) चंबा

docs.aglasem.com
aglasem.com

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

3) लेखिका को शिमला के कौन–कौन से फल प्रिय हैं ? **H608**

4) लेखिका अपने समय और आज के समय में क्या–2 अन्तर बताती हैं ? **H608**

5) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? **H608**

6) अपने बचपन की किसी एक यादगार घटना के बारे में लिखें ? **H608**

7) अगर आपको कभी शिमला घूमने का अवसर मिले तो आप वहाँ किन–किन जगहों पर घूमना चाहेंगे ? **H609**

अध्याय–3
नादान दोस्त

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) केशव के घर कार्निस के ऊपर किसने अंडे दिए–

क) कौवा ख) कबूतर ग) चिड़िया घ) मुर्गी

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

2) यदि तुम केशव और श्यामा की जगह होते तो अण्डों के बारे में क्या–2 अनुमान लगाते और क्या करते ? **H609**

3) आपने किन–किन पक्षियों के अण्डे देखे हैं ? क्या उन सभी अण्डों का आकार व रंग एक जैसा होता है ? **H609**

4) हमें पशु–पक्षियों की मदद क्यों करनी चाहिए ? **H609**

5) यदि आपको कभी चिड़िया के अण्डे मिले तो आप उनकी रक्षा किस प्रकार करेंगे ? **H609**

अध्याय–4
चाँद से थोड़ी–सी गप्पें

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) तारे कहाँ टिमटिमाते हैं ?

क) ज़मीन में ख) आसमान में ग) खेत में घ) पानी में

2) चाँद का रंग कैसा होता है ?

क) नीला ख) पीला ग) हरा घ) सफ़ेद

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

3) पूर्णिमा और अमावस्या की रात चाँद कैसा दिखता है ? **H608**

4) चाँद का आकार क्यों बदलता रहता है ? **H609**

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय–5
अक्षरों का महत्त्व

लघु प्रश्न – **अक्षरों का महत्त्व**

1) प्रागैतिहासिक काल किसे कहते हैं ? **H609, H614**
2) मौखिक भाषा का जीवन में क्या महत्त्व होता है ? **H609**
3) इतिहास कब से लिखा जाने लगा ? इतिहास का क्या महत्त्व है ? **H609**
4) अक्षरों की खोज से मनुष्य के जीवन पर क्या–क्या परिवर्तन आए होंगे ? **H609**

अध्याय–6
पार नज़र के

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) छोटू का परिवार कहाँ रहता था ?
   क) पृथ्वी ख) शुक्र ग) मंगल घ) बुद्ध
2) छोटू ने कहाँ प्रवेश किया ?
   क) घर में ख) सुरंग में ग) चाँद में घ) जंगल में
3) कार्ड डालते ही क्या खुला ?
   क) खिड़की ख) अलमारी ग) ताला घ) दरवाज़ा
4) छोटू ने खाँचे में क्या डाला ?
   क) चाबी ख) कार्ड ग) सुई घ) अंगुली
5) स्पेस सूट पहनने से क्या मिलता है ?
   क) सर्दी ख) गर्मी ग) आराम घ) ऑक्सीजन

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

6) छोटू के पापा घर पर क्या कर रहे थे ? **H609**
7) पापा छोटू को कहाँ ले गए थे और छोटू ने वहाँ क्या देखा ? **H609**
8) वैज्ञानिक क्या जानना चाहते थे ? **H609**
9) स्पेस सूट पहनकर क्या फ़ायदा होता है ? **H609**
10) छोटू को सुरंग में जाने की इज़ाजत क्यों नहीं थी ? **H609**
11) 'पार नज़र के' पाठ के आधार पर बताएं कि नम्बर दो वैज्ञानिक अजनबी से निपटने के कौन से तरीके सुझाते हैं ? **H609**
12) सूरज से हमें क्या–2 मिलता है ? **H609**
13) 'पार नज़र के' पाठ के आधार पर बताएं कि मंगल ग्रह पर आम जन–जीवन कैसे नष्ट हो गया ? **H609**

docs.aglasem.com
aglasem.com

रिक्त स्थान भरें– **सीखने के प्रतिफल**

14) वह .....आम आदमी के लिए बंद रहता था।

15) वातावरण में परिवर्तन आने के कारण..... मरने लगे।

16) पूरी कॉलोनी.....के नीचे बसी थी।

17) .....यान मंगल ग्रह की ओर बढ़ते आ रहे हैं।

18) एक .....यान हमारे इर्द–गिर्द चक्कर काट रहा है।

19) पापा छोटू को.....रूम में ले गए।

अध्याय–7
साथी हाथ बढ़ाना

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) कवि ने फ़ौलाद की तरह मज़बूत किसे कहा है–

क) पैरों को ख) सीने को ग) सर को घ) सीने और भुजाओं को

2) कवि ने किस्मत की रेखा किसे कहा है–

क) पैसों को ख) मेहनत को ग) सुख को घ) मंज़िल को

3) हमारी मंज़िल कैसी मंज़िल है–

क) एक जैसी ख) सच्चाई की ग) अलग–अलग घ) इनमें से कोई नहीं

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

4) कवि किस तरह रहने का संदेश देता है ? **H609**

5) कवि ने किसकी मदद करने के लिए कहा है और क्यों ? **H609**

6) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत को बच्चे किन–2 अवसरों पर गुनगुना सकते हैं ? **H609**

7) मिलकर काम करने से क्या फ़ायदे होते हैं ? **H609, H610**

8) साथी हाथ बढाना कविता से हमें क्या संदेश मिलता है ? **H609, H610**

9) यदि हम मेहनत न करें तो क्या होगा ? **H609, H610**

10) कवि मेहनतकश साथियों से क्या कहना चाहते हैं ? **H609, H 619**

अध्याय–8
ऐसे–ऐसे

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) 'ऐसे–ऐसे' नामक पाठ में विद्यार्थी का क्या नाम है ?

क) मोहन ख) दीनानाथ ग) सोहन घ) रोहन

docs.aglasem.com
aglasem.com

2) पिताजी किसे फोन करते हैं ?

क) वैद्य ख) मास्टर ग) दीनानाथ घ) मोहन

3) मोहन को कहाँ दर्द था ?

क) पेट में ख) सिर में ग) अंगुलियों में घ) हाथ में

4) मोहन के इलाज में कितने रुपये खर्च हुए ?

क) 10 रुपये ख) 15 रुपये ग) 15–20 रुपये घ) 30 रुपये

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

5) बच्चे स्कूल न जाने के लिए क्या–2 बहाने बनाते हैं ? **H609**

6) मोहन के माता–पिता क्यों परेशान हुए ? **H609**

7) मोहन स्कूल न जाने के लिए क्या बहाना बनाता है ? **H609**

8) मोहन के पिता ने वैद्य को फोन क्यों किया ? **H609**

9) मास्टर जी मोहन के घर क्यों आए ? **H609**

10) मास्टर जी ने मोहन की बीमारी के लिए क्या कहा ? **H609**

11) मोहन का इलाज किसने किया ? **H609**

12) आप अपने बीमार दोस्त का हाल पूछने जाते हैं। आप उससे किस तरह बात करेंगे ? संवाद के रूप में लिखें ? **H608, H609, H610**

रिक्त स्थान भरें– **सीखने के प्रतिफल**

13) चेहरा बताता है इसे काफ़ी.....है।

14) आजकल तो बिना खाए.....होती है

15) मोहन ने महीना भर .....की।

अध्याय–9
टिकट–अलबम

बहुविकल्पीय प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

1) 'टिकट अलबम' कहानी में कक्षा के लड़के–लडकियाँ क्या देखना चाहते थे ?

क) टिकट ख) किताब ग) अलबम घ) तस्वीर

2) अलबम माँगने कौन आया ?

क) लडकियाँ ख) पार्वती ग) अध्यापिका घ) इनमें से कोई नहीं

3) नागराजन का अलबम कैसा था ?

क) बेहद प्यारा ख) अनोखा ग) बुरा घ) इनमें से कोई नहीं

4) सरपंच के बेटे ने अलबम को कितने रुपये में खरीदना चाहा था ?

क) 10 रुपये में ख) 50 रुपये में ग) 30 रुपये में घ) 25 रुपये में

docs.aglasem.com
aglasem.com

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

5) राजप्पा के पास कैसा अलबम था ? **H609**

6) नागराजन को घमंडी किसने कहा और क्यों ? **H609**

7) दो टिकट के बदले कौन सी टिकट मिलती थी ?

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

8) राजप्पा और नागराजन .....थे।

9) राजप्पा के पास टिकटों का सुंदर.....था।

10) नागराजन का अलबम बेहद .....था।

11) नागराजन .....पर बैठा था।

अध्याय–10
झाँसी की रानी

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) रानी लक्ष्मीबाई की कहानी सुभद्रा कुमारी चौहान ने किसके मुँह से सुनी थी ?
क) बुंदेलों से ख) चंदेलों से ग) चौहानों से घ) इनमें से कोई नहीं

2) रानी लक्ष्मीबाई किसकी मुँह बोली बहन थी ?
क) अजीमुल्लाखान ख) अहमदशाह शैली ग) नाना धुंधूपंत पेशवा घ) ठाकुर कुँवर सिंह

3) रानी लक्ष्मीबाई के पति का क्या नाम था ?
क) बाजीराव पेशवा ख) गंगाधर राव ग) नाना धुंधूपंत पेशवा घ) इनमें से कोई नहीं

4) अंग्रेज़ों के मित्र सिंधिया कहाँ के शासक थे ?
क) ग्वालियर ख) कानपुर ग) सिंधिया घ) डलहौज़ी

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

5) रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के कौन–कौन से प्रिय खेल थे ? **H609**

6) आज के समय में भारतीय सेना में महिलाओं की क्या स्थिति है ? **H609, H610**

7) कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान के लिए क्या कहा है ? **H609**

8) रानी लक्ष्मीबाई के साथ किन–किन योद्धाओं ने युद्ध में भाग लिया ? **H609**

9) सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती है ? **H609**

10 'बरछी', 'कृपाण', 'कटारी' आदि उस ज़माने के हथियार थे ? आजकल प्रयोग किए जाने वाले हथियारों के नाम लिखें। **H610**

11) लक्ष्मीबाई कहाँ की रानी थी ? उनका विवाह किससे हुआ था ? **H609**

docs.aglasem.com
aglasem.com

रिक्त स्थान भरें– सीखने के प्रतिफल

12) खूब लड़ी .....वह तो झाँसी वाली रानी थी।

13) मनु..... की मुँह बोली बहन थी।

14) बुझा दीप झाँसी का तब.....मन को हरषाया।

15) गुमी हुई आज़ादी की .....सबने पहचानी थी।

16) रानी लक्ष्मीबाई का बचपन का नाम..... था ?

अध्याय 11
जो देखकर भी नहीं देखते

बहुविकल्पीय प्रश्न– सीखने के प्रतिफल

1) हेलेन केलर की मित्र कहाँ घूमकर आई थी।

क) शहर ख) गाँव ग) जंगल घ) बाग

2) किस पेड़ की छाल चिकनी होती है ?

क) चीड़ ख) भोजपत्र ग) पीपल घ) बरगद

3) लेखिका ने अपने जिस प्रिय मित्र की परीक्षा ली थी वह कहाँ से लौटी थी ?–

क) जंगल से ख) नदी की ओर से ग) विद्यालय से घ) उपवन

लघु प्रश्न – सीखने के प्रतिफल

4) यदि कोई कान से न सुन पाए तो उसे आस–पास की दुनिया कैसी लगती होगी ? इस पर टिप्पणी लिखें। **H610**

5) लेखिका को ऐसा क्यों लगता है कि जिन लोगों की आँखें होती हैं वे बहुत कम देखते हैं। **H609**

6) आँखों के अतिरिक्त हम चीज़ों का एहसास और किन–किन इन्द्रियों से कर सकते हैं। **H609,H610**

7) 'जो देखकर भी नहीं देखते' निबन्ध से लेखिका का क्या अभिप्राय है ? **H609**

रिक्त स्थान भरें– सीखने के प्रतिफल

8) मेरा विश्वास है कि जिन लोगों की .....होती है, वो बहुत कम देखते हैं।

9) मनुष्य अपनी .....की कभी कदर नहीं करता।

अध्याय 12
संसार पुस्तक है

बहुविकल्पीय प्रश्न– सीखने के प्रतिफल

1) नेहरू जी ने संसार को क्या कहा है ?

क) संग्रहालय ख) रंगमंच ग) पुस्तक घ) इनमें से कोई नहीं

2) इनमें से 'चिट्ठी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

क) पत्र ख) पाती ग) खत घ) पोथी

docs.aglasem.com
aglasem.com

3) जवाहर लाल नेहरू इस पाठ में किसे जानकारी दे रहे हैं ?

क) कमला नेहरू ख) इंदिरा गाँधी ग) विजय लक्ष्मी घ) इनमें से कोई नहीं

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

4) अपनी मनपसन्द पुस्तक के बारे में पाँच पंक्तियाँ लिखें। **H610, H617**

5) 'संसार पुस्तक है' पाठ के अनुसार दुनिया की जानकारी कैसे हो सकती है ? **H609**

6) हमारी धरती कितनी पुरानी है ? उस समय यह कैसी थी ? **H610**

7) पुराने समय की लिखित सामग्री न होने पर भी हमें किन–किन चीज़ों से इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है ? स्पष्ट करें। **H610**

8) वर्तमान समय में चिट्ठियों की क्या अहमियत है ? **H610**

9) आदिकाल में पत्थरों के क्या–क्या प्रयोग किए जाते थे ? **H609, H610**

रिक्त स्थान भरें– **सीखने के प्रतिफल**

10) इंग्लैंड केवल एक छोटा सा ..... है ।

11) यह धरती लाखों करोड़ों ..... पुरानी है।

12) अगर दरिया उसे और आगे ले जाता तो वह छोटा होते–होते अंत में बालू का एक..... .....हो जाता।

अध्याय 13
मैं सबसे छोटी होऊँ

बहुविकल्पीय प्रश्न **सीखने के प्रतिफल**

1) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के रचयिता कौन हैं ?

क) महादेवी वर्मा ख) सुभद्रा कुमारी चौहान

ग) सुमित्रानंदन पन्त घ) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

2) माँ बच्ची के लिए क्या–क्या करती है ?

क) खिलौने देती है ख) अपने हाथों से खाना खिलाती है

ग) धूल पोंछती है घ) उपरोक्त सभी

3) बड़ी होने पर बच्ची को कौन सा भय सबसे अधिक सता रहा है–

क) खिलौने न पाने का ख) परियों की बात न सुन पाने का

ग) माँ द्वारा हाथ न पकड़कर चल पाने का घ) माँ का स्नेह खोने का

4) 'अपने कर से खिला' यहाँ 'कर' शब्द का अर्थ क्या है ?

क) टैक्स ख) करना ग) किरण घ) हाथ

docs.aglasem.com
aglasem.com

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

5) आपकी माता आपके लिए क्या–क्या कार्य करती हैं ? लिखें। **H610, H617**

6) लोग छोटे बच्चों को अधिक स्नेह क्यों करते हैं ? स्पष्ट करें। **H610, H617**

7) बच्चों के अपने माता–पिता के प्रति क्या कर्त्तव्य होते हैं ? स्पष्ट करें। **H610**

8) कविता की पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें। **H609**

बड़ा बनाकर पहले हमको,
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन–रात!

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

9) थमा खिलौने, नहीं सुनाती हमें.....परियों की बात !

10) तेरे.....की छाया में छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय।

अध्याय 14
लोकगीत

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) शास्त्रीय संगीत के लिए किसकी ज़रूरत होती है ?
क) लचीलेपन की ख) ताज़गी की ग) साधना की घ) इनमें से कोई नहीं

2) लोकगीतों की रचना में किसका विशेष योगदान है ?
क) स्त्रियों का ख) पुरुषों का ग) बच्चों का घ) इनमें से कोई नहीं

3) इनमें से किस अवसर पर लोकगीत गाए जाते हैं ?
क) त्योहार ख) विवाह ग) जन्मोत्सव घ) उपरोक्त सभी

4) गरबा का सम्बन्ध किस राज्य से है ?
क) राजस्थान ख) गुजरात ग) महाराष्ट्र घ) केरल

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

5) भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कौन–कौन से लोकगीत गाए जाते हैं ? **H606, H609**

6) देहाती गीतों के विभिन्न रागों के नाम लिखकर बताइए कि वे मन को क्यों छू लेते हैं ? **H606, H609**

7) लोकगीत गायन में किन–किन वाद्य यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है ? **H606, H615**

8) लोकगीतों की लोकप्रियता का क्या कारण है ? **H610**

9) वर्तमान में लोकगीतों की स्थिति में क्या बदलाव आए हैं ? **H610**

10) हिमाचल के प्रसिद्ध लोकगायकों के नाम लिखें। **H610**

docs.aglasem.com
aglasem.com

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

11) एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको (लोकगीतों को).....समझा जाता था।
क) तुच्छ ख) हेय ग) कम घ) अधिक

12) .....और .....बंगाल के लोकगीत हैं।

अध्याय 15
नौकर

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) गांधी जी किस आश्रम में रहते थे ?
क) गंगा आश्रम ख) सरस्वती आश्रम ग) सदाकत आश्रम घ) साबरमती आश्रम

2) साबरमती आश्रम किस राज्य में है ?
क) बिहार ख) बंगाल ग) गुजरात घ) उड़ीसा

3) गांधी जी ज़रूरत का आटा कैसे तैयार करते थे ?
क) स्वयं पीसकर ख) खरीदकर ग) दान में लेकर घ) इनमें से कोई नहीं

4) 'घरेलू नौकरों को परिवार का सदस्य समझा जाता था' ऐसा गांधी जी ने कहाँ देखा ?
क) भारत में ख) इंग्लैंड में ग) अमेरिका में घ) दक्षिण अफ्रीका में

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

5) महात्मा गांधी का जन्म कब और कहाँ हुआ ? **H609**

6) महात्मा गांधी आश्रम में क्या–क्या काम करते थे ? **H609**

7) आश्रम वासियों के साथ गांधी जी का कैसा व्यवहार था ? **H609**

8) आश्रम का नियम क्या था ? **H609**

9) आश्रम के निर्माण के समय क्या परेशानियाँ आईं ? वर्णन करें । **H609**

10) गांधी जी की कार्य शैली का वर्णन करें । **H609**

11) गांधी जी इतना पैदल क्यों चलते थे ? **H609**

12) गांधी जी ने श्रीमती पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया ? **H609**

13) पैदल चलने के क्या–क्या लाभ होते हैं ? लिखें। **H609, H617**

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

14) .....आश्रम में भी गांधी जी ने पिसाई का काम जारी रखा।

15) गांधी जी को लगा कि उनकी बात मानने में ही..... है।

16) आश्रम के लिए बाहर बने..... से पानी खींचने का काम भी वे रोज़ किया करता था।

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय 16
वन के मार्ग में

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) 'पुर तें निकसी रघुबीर–बधू' यहाँ 'पुर' निम्न में से किसे कहा गया है ?
   क) मिथिला ख) अयोध्या ग) लंका घ) चित्रकूट
2) पसीने की बूँदें कहाँ झलक आई ?
   क) अधरों पर ख) हाथ पर ग) माथे पर घ) पैरों पर
3) सीता की आतुरता देखकर राम की क्या दशा हुई ?
   क) मन हर्षित हुआ ख) रोम–रोम काँप उठा
   ग) आँखें लाल हो उठी घ) आँखों में आँसू आ गए।
4) 'बारि बिलोचन बाढ़े' में 'बिलोचन' शब्द का अर्थ है –
   क) जल ख) आँख ग) नदी घ) सागर

लघु प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

5) अपने अनुभव के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन करें । **H610**
6) सीता ने राम को रुकने के लिए क्यों कहा ? **H609**
7) पर्नकुटी किस चीज़ से बनाई जाती है ? **H609**
8) सीता की आतुरता को देखकर राम की क्या दशा हुई ? **H609**
9) राम की आँखों में आँसू क्यों भर आए ? **H609**
10) सीता लक्ष्मण के लिए चिंतित क्यों थी ? **H609**

अध्याय 17
साँस–साँस में बाँस

बहुविकल्पीय प्रश्न– **सीखने के प्रतिफल**

1) जादूगर चंगकीचंगलनबा की मौत के छठे दिन उसकी कब्र से क्या निकला ?
   क) बाँस की चटाई के डिज़ाईन ख) बाँस की टोकरियों के डिज़ाईन
   ग) बाँस के बने खिलौने घ) बाँस काटने/छिलने के औज़ार
2) इनमें से किस राज्य में बाँस की टोकरियाँ बनाने का सर्वाधिक प्रचलन है–
   क) केरल ख) झारखंड ग) नागालैंड घ) मध्य प्रदेश
3) टोकरियाँ बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बाँस वह होता है, जिसमें–
   क) गाँठें पास–पास हो ख) गाँठें दूर–दूर हो
   ग) गाँठें ही न हो घ) बहुत अधिक सख्त हो।

लघु प्रश्न – **सीखने के प्रतिफल**

4) बाँस की चीज़ें बनाने का चलन कब से और कहाँ से शुरू हुआ ? **H609**
5) असम में बाँस से क्या बनाए जाते हैं ? **H609**

docs.aglasem.com
aglasem.com

6) बाँस की वस्तुओं के डिज़ाईन हमें कहाँ से प्राप्त हुए ? **H609**

7) बाँस की वस्तुएँ कैसे बनाई जाती हैं ? **H609**

8) बाँस को बूढ़ा कब कहा जाता है ? **H609**

9) बूढ़े बाँस की विशेषता बताइए, जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती ? **H609**

रिक्त स्थान भरें – **सीखने के प्रतिफल**

10) मौत के .....दिन जादूगर की कब्र खोदी गई।

11) .....के निवासियों में बाँस की चीज़ें बनाने का खूब प्रचलन है।

12) खपच्चियों से तरह–तरह की .....भी बनाई जाती है।

क) टोकरियाँ ख) चटाइयाँ ग) सामान घ) टोपियाँ

13) बाँस से शाखाएँ और पत्तियाँ .....कर दी जाती हैं।

docs.aglasem.com

aglasem.com

मौखिक आकलन और असाइनमेंट

अध्याय–1
वह चिड़िया जो (कविता)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. 'वह चिड़िया जो' नामक कविता को याद करें और कक्षा में सुनाएं ।	**H601**
2. कविता में चिड़िया को किन चीज़ों से प्यार था ?	**H609**
3. कविता में चिड़िया के पंख कैसे थे ?	**H609**
4. 'वह कविता जो' कविता के कवि का क्या नाम है ?	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. 'वह चिड़िया जो' नामक कविता पढ़कर तुम्हारे मन में चिड़िया का जो चित्र उभरता है उस चित्र को कागज़ पर बनाएं और रंग भरें।	**H615**
2. 'वह चिड़िया जो' नामक कविता के आधार पर चिड़िया को जिन–जिन चीज़ों से प्यार है उनकी सूची बनाकर चित्रांकित करें।	**H609**
3. पक्षियों के पंखों को इकट्ठा कर कॉपी पर चिपकाएं और पक्षियों के नाम भी लिखें।	**H615**
4. चिड़िया का चित्र बनाएं और दाल, चावल, गेंहूँ आदि अनाज की सहायता से उसकी सजावट करें ।	**H615**


अध्याय–2
बचपन (संस्मरण)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. लेखिका रविवार की सुबह क्या–क्या काम करती थीं ?	**H609**
2. आप रविवार को क्या–क्या काम करते हैं ?	**H602**
3. 'बचपन' कहानी (संस्मरण) में लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ?	**H609**
4. अपने बचपन की कोई मनमोहक घटना याद करके कक्षा में सुनाएं ।	**H603**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. अपने बचपन की कोई मनमोहक घटना को याद करें और विस्तार से लिखें।	**H603**
2. आज़ादी के दिनों से पहले शिमला कैसा था, उसके बारे में जानने का प्रयास करें और लिखें ।	**H608**
3. शिमला में चलने वाली रेलगाड़ी के बारे में जानकारी एकत्रित करें और चित्र सहित पाँच वाक्य लिखें।	
4. बचपन में आप अपने दोस्तों से बहुत सी बातें करते थे। कोई एक यादगार बात लिखें जो आपको आज भी याद है ।	**H603**

docs.aglasem.com
aglasem.com

5. चित्र में रंग भरें और दस पंक्तियाँ लिखें।



अध्याय–3
नादान दोस्त (कहानी)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. केशव ने श्यामा से टोकरी और दाना–पानी माँगकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?	**H609**
2. केशव और श्यामा ने चिड़िया के अण्डों की रक्षा की या नादानी ?	**H609**
3. केशव और श्यामा ने चिड़िया की सेवा की, फिर भी चिड़िया उड़ गई। क्यों ? अपनी राय दें।	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. इस पाठ में गर्मी के दिनों की चर्चा की है अगर सर्दी या बरसात के दिन होते तो क्या–क्या होता ? जानकारी एकत्रित कर चित्र सहित व्याख्या करें ?	**H608**
2. अपने आस–पास पाए जाने वाले पक्षियों के नाम की सूची तैयार करके चित्रांकित कीजिए।	
3. गर्मी या सर्दी की छुट्टियों में आप क्या–क्या करते हैं ? लिखें।	
4. अपनी नानी या किसी बड़े व्यक्ति को एक पोस्टकार्ड या अंतर्देशीय पत्र लिखकर बताएं कि आपने छुटिट्याँ कैसे बिताईं ?	**H620**

अध्याय–4
चाँद से थोड़ी–सी गप्पें (कविता)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. कवि ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई थीं ?	**H609**
2. क्या आपने कभी चाँद से बातें की है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो आप क्या बातें करना चाहोगे ? लिखें।	**H620**

docs.aglasem.com
aglasem.com

3. चाँद जब पूरा दिखाई देता है तो उसे क्या कहा जाता है और जिस दिन चाँद दिखाई नहीं देता उस दिन को क्या कहा जाता है ? **H609**

4. आपको अपना खिलौना टूटने पर जितना दुःख होता है उतना ही दुःख चिड़िया को अपना घोंसला टूटने पर होता है। क्या हमें कभी चिड़िया का घोंसला तोड़ना चाहिए ? अपने विचार लिखें।**H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. पूरे चाँद का चित्र बनाकर पाँच वाक्य लिखें। **H609**
2. चाँद से जुड़ी कुछ विशेष बातों की सूची तैयार करके चित्रांकित करें। **H609**

अध्याय–5
अक्षरों का महत्त्व (निबंध)

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. मौखिक भाषा किसे कहते है ? **H609**
2. लिपि किसे कहते है ? हिन्दी भाषा की लिपि का नाम बताएं। **H609**
3. अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ होगा। **H609**
4. लिखित और मौखिक भाषा के महत्त्वों के बारे में अपने दोस्तों से चर्चा करें। **H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. अक्षरों का चार्ट बनाकर उसमें से स्वर और व्यंजनों की अलग–अलग सूची बनाएं।
2. अक्षरों के महत्त्व पर 8 से 10 वाक्य लिखें। **H609**
3. देवनागरी लिपि के कुछ अक्षरों के बारे में जानकारी एकत्र करें जो अब प्रयोग में नहीं आते या कम प्रयोग में आते हैं। **H608**
4. अपने घर का चित्रांकन कीजिए व बिना अक्षरों की मदद लिए चित्रों द्वारा अपने भाव व्यक्त करें । **H615**

अध्याय–6
पार नज़र के (कहानी)

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. छोटू का परिवार कहाँ रहता था और उसके परिवार में कौन–कौन से सदस्य थे ? **H609**
2. छोटू को सुरंग में जाने की अनुमति क्यों नहीं थी ? **H609**
3. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा ? **H609**
4. मान लो आप छोटू हो और यह कहानी किसी को सुना रहे हो तो कैसे सुनाओगे ? सोचो और 'मैं' शैली में यह कहानी सुनाएं। **H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. अंतरिक्षयान का चित्र बनाकर दस वाक्य लिखें। **H609**
2. अन्तरिक्ष में जाने के लिए जिन–जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है उनकी सूची तैयार करके चित्रांकित कीजिए। **H609**
3. आपको पृथ्वी पर ज़िन्दगी जीने का पता है। ज़मीन के ऊपर मंगल ग्रह पर सब कुछ कैसा होगा, इसकी कल्पना करें और लिखें। **H616**
4. कागज़ की सहायता से अलग–अलग प्रकार के जहाज़ बनाएं और कक्षा की सजावट करें।

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय–7
साथी हाथ बढ़ाना (गीत)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. गीत में 'सीने' और 'बाँहों' को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ?	**H609**
2. 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?	**H609**
3. मेहनतवालों ने जब भी कदम बढ़ाया तब क्या हुआ ?	**H609**
4. 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत को अपने अंदाज़ में सुनाएं।	**H601, H606**
5. अपने आस–पास तुम किसे साथी मानते हो और क्यों ? अपने प्रिय साथी की विशेषताएं बताएं।	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. हाथ द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सूची बनाएं।	**H609**
2. हथकरघे का चित्र बनाकर आठ से दस वाक्य लिखें।	**H608**
3. हथोड़े का चित्र बनाकर उसके कार्यों का वर्णन करें।	
4. अपने दोस्तों की सूची बनाएं और उनकी दो–दो विशेषताएं लिखें ।	**H609, H620**

अध्याय–8
ऐसे–ऐसे (एकांकी)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. माँ मोहन के 'ऐसे–ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रहीं थी ?	**H609**
2. ऐसे कौन से बहाने होते हैं जिन्हें मास्टर जी एक ही बार सुनकर समझ जाते हैं ? ऐसे कुछ बहानों के बारे में बताएं।	**H616**
3. मोहन को कहाँ पर दर्द हो रहा था उसका इलाज किसने किया ?	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. ऐसे कौन से बहाने होते हैं जिन्हें मास्टर जी एक ही बार सुनकर समझ जाते हैं ? ऐसे कुछ बहानों के बारे में लिखें।	**H616**
2. अपने प्रिय अध्यापक के बारे में पाँच पंक्तियाँ लिखें और अध्यापक का चित्र बनाएं।	**H620**

अध्याय–9
टिकट–अलबम (कहानी)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा था और क्यों ?	**H609**
2. राजप्पा ने अलबम क्यों चुराई ?	**H609**
3. राजप्पा ने नागराजन का टिकट–अलबम अँगीठी में क्यों डाला ? यदि आप होते तो क्या करते ?	**H609**

docs.aglasem.com
aglasem.com

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. मान लो स्कूल में आपकी कोई प्रिय चीज़ खो गई है, आप चाहते हो कि जिसे वह चीज़ मिले वह आपको लौटा दे। इस सम्बन्ध में स्कूल के बोर्ड पर लगाने के लिए एक नोटिस तैयार करें, जिसमें निम्नलिखित बिंदु हों – **H618, 620**
   क) खोई हुई चीज़ का नाम
   ख) कहाँ खोई ?
   ग) मिल जाने पर कहाँ लौटाई जाए ?
   घ) नोटिस लगाने वाले/वाली का नाम और कक्षा
2. अलग–अलग प्रकार के टिकट इकट्ठा कर कॉपी में चिपकाएं । **H615**

अध्याय–10
झाँसी की रानी (कविता)

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. लक्ष्मीबाई का बचपन का क्या नाम था और वह कहाँ की रानी थी ? **H609**
2. लक्ष्मीबाई किसकी मुँहबोली बहन थी ? **H609**
3. लक्ष्मीबाई के प्रिय खेल कौन–कौन से थे ? **H609**
4. लक्ष्मीबाई की किन्हीं तीन विशेषताओं के बारे में बताएं। **H609**
5. लक्ष्मीबाई के प्रिय खेल कौन–कौन से थे और यह आपके प्रिय खेल से किस प्रकार भिन्न है ? **H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. 1857 के संग्राम में भाग लेने वाले वीरों की चित्र सहित सूची बनाएं।
2. युद्ध में प्रयोग होने वाले हथियारों के चित्र सहित नाम लिखें। **H608**

अध्याय–11
जो देखकर भी नहीं देखते (निबंध)

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. पाठ के आधार पर 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ? **H609**
2. लेखिका को किस चीज़ से खुशी मिलती थी ? **H609**
3. हेलेन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर और सूँघकर पहचानती थी ? **H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. अपने आस–पास पाए जाने वाले फलदार पौधों की चित्र सहित सूची बनाएं। **H615**
2. अपने आस–पास पाए जाने वाले औषधीय पौधों की पत्तियाँ इकट्ठा कर नाम सहित स्क्रेप शीट/कॉपी पर चिपकाएं। **H615**
3. अपनी पाँच इन्द्रियों के चित्र बनाएं और उनके काम के बारे में विस्तार से लिखें। **H608**
4. विभिन्न प्रकार के फलों के पत्तों को इकट्ठा करें और स्क्रेप शीट/कॉपी पर चिपकाएं। **H615**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय–12
संसार पुस्तक है (पत्र)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है ?	**H609**
2. दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है ?	**H609**
3. मसूरी और इलाहाबाद भारत के किस प्रान्त के शहर हैं ?	**H609**
4. जवाहर लाल नेहरु को बच्चे क्या कहकर बुलाते थे ? उनका बच्चों के प्रति कैसा व्यवहार था ?	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. पुराने समय में पाई जाने वाली कुछ वस्तुओं की सूची चित्र सहित तैयार करें।	**H608,609**
2. पुस्तकालय का चित्र बनाकर या चिपकाकर आठ से दस वाक्य लिखें।	
3. जवाहरलाल नेहरु का चित्र बनाएं/चिपकाएं और उनके जीवन की विशेषताओं के बारे में लिखें।	**H608,609**

अध्याय–13
मैं सबसे छोटी होऊँ (कविता)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. कविता में सबसे छोटी होने की कल्पना क्यों की गई है ?	**H609**
2. कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' क्यों कहा गया है ?	**H609**
3. परिवार में सबसे छोटे होने के क्या फ़ायदे होते हैं ?	**H603,607**
4. आपकी माता जी आपके लिए क्या–क्या काम करती हैं ?	**H603,607**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. अपने बचपन के कुछ यादगार पलों को याद करते हुए आठ से दस पंक्तियाँ लिखें।	**H603**
2. अपनी माँ का चित्र बनाकर आठ से दस पंक्तियाँ लिखें।	**H603**
3. अपने परिवार का चित्र बनाएं ।	
4. 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता पढ़ने के बाद एक बच्ची और उसकी माँ का जो चित्र आपके मन में उभरता है उसे कॉपी पर बनाएं।	**H603**

अध्याय–14
लोकगीत (निबंध)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. आपके स्थानीय क्षेत्र में स्त्रियों के खास गीत कौन–कौन से हैं ?	**H606**
2. वास्तविक लोकगीत कहाँ पर गाए जाते हैं ?	**H606**
3. देहाती लोकगीतों की रचना मुख्यतः किस विषय पर होती है ?	**H606**
4. बुन्देलखंडी में कौन–कौन से गीत गाए जाते हैं ?	**H606**
5. स्थानीय लोकगीत को कक्षा में समूह में गाकर सुनाएं ।	**H606**

docs.aglasem.com
aglasem.com

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. अपने स्थानीय क्षेत्र के लोकगीतों के नाम की सूची तैयार करें।	**H606**
2. अपने क्षेत्र के किसी एक लोकगीत को लिखकर उसकी व्याख्या करें।	**H606**
3. अपने इलाके के स्थानीय लोकगीत इकट्ठा करें और गाए जाने वाले मौकों के अनुसार उनका वर्गीकरण करें।	**H606**
4. भारत के नक्शे में पाठ में चर्चित राज्यों के लोकगीत और नृत्य दिखाएं।	
5. कॉपी पर अपना मनपसंद कोई एक लोकगीत लिखें।	**H606**

अध्याय–15

नौकर (निबंध)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. कॉलेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन सा काम करवाया था ?	**H609**
2. लन्दन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया ?	**H609**
3. गांधी जी पैदल क्यों चलते थे ?	**H609**
4. क्या आप पैदल चलते हैं ? पैदल चलने के क्या लाभ हैं ?	**H603**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. चरखे का चित्र बनाकर उसके द्वारा तैयार की जाने वाली वस्तुओं की सूची नाम सहित बनाएं।	**H608**
2. गांधी जी से जुड़ी कुछ विशेष वस्तुओं की सूची तैयार करके चित्रांकित कीजिए ।	**H609**
3. गांधी जी का चित्र बनाएं और उनके जीवन पर दस पंक्तियाँ लिखें।	**H609**
4. आश्रम से जुड़ी हुई कुछ विशेष बातों की सूची तैयार करें।	**H609**
5. ऐसे कामों की सूची बनाएं, जिन्हें आप हर रोज़ स्वयं कर सकते हैं।	**H603**

अध्याय–16

वन के मार्ग में (कविता)

मौखिक आकलन	सीखने के प्रतिफल
1. राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की ?	**H609**
2. 'वन के मार्ग में' नामक कविता के आधार पर पर्नकुटी कहाँ और किसकी बनाई गई थी ?	**H609**
3. 'वन के मार्ग में' नामक कविता के कवि का क्या नाम है ?	**H609**

असाइनमेंट (Assignment)	सीखने के प्रतिफल
1. वन का चित्र बनाकर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में करें।	**H615**
2. वन में पाए जाने वाले पेड़–पौधों व जानवरों की चित्र सहित सूची बनाएं।	**H615**
3. वनवास के दौरान राम और सीता के साथ घटित होने वाली मुख्य घटनाओं को सूचीबद्ध करें।	**H608, 609**

docs.aglasem.com
aglasem.com

अध्याय–17

साँस–साँस में बाँस (निबंध)

मौखिक आकलन **सीखने के प्रतिफल**

1. बूढ़े बाँस की क्या विशेषताएं हैं ? बताइए। **H609**
2. बाँस की बुनाई मानव इतिहास में कब आरम्भ हुई होगी ? बाँस से कौन–कौन सी वस्तुएं बनती हैं ? **H609**
3. बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है ? **H609**

असाइनमेंट (Assignment) **सीखने के प्रतिफल**

1. बाँस का चित्र बनाएं और बूढ़े बाँस की विशेषताओं को सूचीबद्ध करें ? **H609**
2. बाँस से बनने वाली वस्तुओं का चित्र बनाकर उनकी नाम सहित सूची तैयार करें। **H609, 615**
3. किसी भी वस्तु से जैसे–बाँस, अखबार, धागे, पत्ते, कागज़, पराल आदि से टोकरी बनाएं। **H615**
4. निम्न वाक्यांशों का प्रयोग करते हुए कहानी लिखें– **H620**

हाथों की कलाकारी	घनघोर बारिश	बुनाई का सफ़र	आड़ा–तिरछा
डलिया नुमा	कहे–मुताबिक		

docs.aglasem.com
aglasem.com

संक्षिप्त रामायण

पाठ–1
आदि–कांड

1. राजा दशरथ ने यज्ञ कहाँ और किससे करवाया ?
2. यज्ञ का घोड़ा कितने दिन बाद वापिस आया ? उसे किसने तिलक लगाया था ?
3 यज्ञ में अंतिम आहुति डालने से क्या हुआ ?
4 राम नवमी का पर्व क्यों मनाते हैं ?
5. श्री राम ने ताड़का का वध कैसे किया ?
6. विश्वामित्र ने राम को कौन–कौन से अस्त्र भेंट में दिए ?
7. विश्वामित्र का यज्ञ कितने दिन चला ? उससे अगले दिन क्या हुआ ?
8 श्री राम ने मारीच और सुबाहु का वध कैसे किया ?
9. विश्वामित्र ने श्री राम को कौन–कौन सी कथाएँ सुनाई ?
10. राम को वनवास देने में कैकेयी को सफलता क्यों मिली ?

पाठ–2
अयोध्या–कांड

1. राजा दशरथ ने राम के आसन ग्रहण करने के बाद क्या कहा ? बताएं।
2. माता कौशल्या ने राम के राजतिलक की बात सुनकर क्या किया ?
3. मंथरा ने कैकेयी से राम के राज्याभिषेक की किस प्रकार निंदा की।
4. वन के मार्ग में राम–लक्ष्मण व सीता के चलने के क्रम को लिखें।
5. भरत के ननिहाल से वापिस आने पर कैकेयी ने दशरथ के कुशल समाचार का वर्णन किस प्रकार से किया ?
6. राजा दशरथ का दाह–संस्कार किससे और किसने किया था ?
7. राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार सुनकर राम ने क्या किया ?
8. राम ने भरत को किस तरह राजसिंहासन चलाने को कहा ?
9. भरत ने किस प्रकार भ्रातृ प्रेम का परिचय दिया ?

पाठ–3
अरण्य–कांड

1. राम–लक्ष्मण ने महाबली विराध का वध किस प्रकार किया ?
2. शरभंग मुनि की मृत्यु कैसे हुई ?
3 अगस्त्य ऋषि ने राम को कौन–कौन से अस्त्र भेंट में दिए ?
4 गिद्धराज जटायु ने सीता की किस प्रकार सहायता की थी ?
5. सीता जी ने अपने आभूषणों को कहाँ गिराया था और क्यों ?
6. सीता के हरण हो जाने पर राम ने सीता का पता किस–किस से पूछा था ?
7. सीता जी का पता किसने बताया ? उसकी क्या दशा हुई थी ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

पाठ–4
किष्किंधा–कांड

1. सुग्रीव के भाई बालि की शक्ति का वर्णन करें।
2. सुग्रीव और बालि में जब मल्ल युद्ध हुआ तो राम बालि को क्यों नहीं मार सका ? अगले दिन फिर कैसे मारा ?
3. राम ने सुग्रीव मल्ल युद्ध की पीड़ा को कैसे दूर किया ?
4. बालि ने मरते समय अपने पुत्र अंगद को बुलाकर क्या कहा था ?
5. सुग्रीव ने अपने सेनापति को क्या आदेश दिया था ?
6. वनवास के समय राम ने कौन–कौन से राक्षसों का वध किया ?

पाठ–5
सुन्दर–कांड

1. नागों की माता सुरसा को हनुमान ने अपनी बुद्धि बल का परिचय कैसे दिया ?
2. रावण के शयन कक्ष का वर्णन करें।
3. लंका में क्या–क्या देखकर हनुमान को आश्चर्य हुआ ?
4. रावण की अशोक वाटिका का वर्णन करें।
5. अशोक वाटिका में हनुमान ने कैसे वृतान्त सुनाने आरम्भ किए ? संक्षेप में लिखें।
6. रावण पुत्र अक्षय कुमार और हनुमान युद्ध का वर्णन करें।
7. रावण के सेनापति प्रहस्त ने हनुमान से कौन–कौन से प्रश्न पूछे ?
8. रावण के छोटे भाई विभीषण के निवेदन का संक्षेप में वर्णन करें।
9. लंका से लौटने पर वानरों ने हनुमान का किस प्रकार स्वागत किया ?
10. राम को अपने जीवन में किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

पाठ–6
युद्ध–कांड

1. श्री राम ने हनुमान का कैसे धन्यवाद किया था ?
2. श्री राम शरण में आए हुए शत्रु से किस प्रकार व्यवहार करते हैं ?
3. श्री राम और उसकी सेना ने समुद्र को कैसे पार किया था ?
4. रावण राम को अपना शत्रु क्यों मानने लगा ?
5. राम के चरित्र पर दस पंक्तियाँ लिखें।
6. दस प्रमुख पात्रों का परिचय दें।

(1) अंगद (2) अहिल्या (3) उर्मिला (4) तारा
(5) त्रिजटा (6) भरत (7) मंथरा (8) रूमा
(9) शूर्पणखा (10) सुतीक्ष्ण

docs.aglasem.com
aglasem.com